नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना



आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502


## शहर में आज



- घंटाघर हुसैनाबाद में सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था एलायंस सोशल एण्ड कल्चरल सोसाईटी के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन–8 बजे
- गोमती नगर के विजयंत खंड स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता के क्वलीफाइंग राउंड के मुकाबले– 8 :30 बजे।
- चारबाग रविंद्रालय चौराहा से मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ऑटो रिक्शा जागरुकता रैली निकलेगी– 9 :45 बजे।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हिल्टन कप के लिए महिला टी–20 क्रिकेट मुकाबले का उद्घाटन–10 :00 बजे।
- कनौसी हरदोई रिंग रोड खुशी विहार स्थित भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान पिज्जा डाइन में मां तुझे सलाम सम्मान कार्यक्रम का आयोजन– 11 बजे।



पुराने लखनऊ स्थित इमामबाड़ा के पास में धूल भरी आंधी से बेहाल राहगीर।

# आंधी से गिरे पेड़, उखड़ी जाली... तापमान गिरने से मिली राहत

## अगले दो दिनों बूंदाबांदी, हल्की बारिश की संभावना, मंगलवार से फिर बढ़ सकता है तापमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार:** पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में आए बदलाव से शनिवार सुबह लखनऊ में बादल छाए और धूल भरी आंधी चली। इससे शहर में कई जगह पेड़ गिर गए। गोमती बैराज पुल पर लगी लोहे की जाली उखड़ गई। वहीं ग्रामीण इलाकों में आम की फसल को भी नुकसान हुआ।

मौसम में अचानक आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम अनुसंधान विभाग के वैज्ञानिक एम दानिश का कहना है कि रविवार और सोमवार के बीच आकाशीय बिजली गिर सकती है। बूंदाबांदी भी हो सकती है। मंगलवार से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है।

सुबह राजधानी में बादल छाए थे। दिन चढ़ने के साथ लखनऊ और आसपास क्षेत्रों में धूल भरी आंधी चलने लगी। हवाओं की रफ्तार 25 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 40 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई। सीतापुर सहित आसपास के इलाकों में बारिश भी हुई।

तेज आंधी के बीच लखनऊ के कई हिस्सों में पेड़ गिर गए। इंदिरा नगर के तकरोही रोड पर नीम का पेड़ टूटकर गिर गया। जिससे काफी देर आवागमन अवरुद्ध रहा। सिविल अस्पताल के सामने पेड़ गिरने से तीमारदारों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। तिलक मार्ग स्थित विधायक निवास के बार पेड़ की बड़ी शाखाओं के गिरते ही वाहनों की रफ्तार थम गई। पुराने शहर के कुछ स्थानों पर टिन शेड भी उखड़कर सड़कों पर आ गए। आंधी के बीच दुकानदार सामान समेटते दिखाई दिये।

आंधी में गोमती बैराज पुल पर लगी लोहे की जाली सड़क पर गिर गयी। गनीमत यह रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। द्वितीय शनिवार का अवकाश होने से सड़क पर आवागमन कम था। सिंचाई विभाग ने कुछ दिन पहले गोमती बैराज के दो गेट बदले थे। इसके बाद सुरक्षा के लिए पुल पर लोहे की जाली लगाई गई थी। वेल्डिंग सही से न होने पर जाली हवा से गिर गयी।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सत्यप्रिय ने बताया कि दोपहर में जाली गिरने की जानकारी मिली थी, उसे किनारे करवा दिया गया। जाली लगवाने के लिए रात में काम चलेगा।

लखनऊ में अधिकतम तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकार्ड किया गया।





आंधी से राजधानी के सिविल अस्पताल के सामने पेड़ गिर गया और गोमती बैराज की जाली टूट कर सड़क पर आ गिरी।

## एक नजर

### निर्माण निगम के अपर परियोजना प्रबंधक संजय सिंह की लोकायुक्त जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की हाईकोर्ट इकाई के अपर परियोजना प्रबंधक संजय कुमार सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत पर लोकायुक्त संगठन ने जांच शुरू कर दी है। उप लोकायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के अनुसार तीन जून तक प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है। उप लोकायुक्त ने अपर परियोजना प्रबंधक संजय कुमार सिंह से भी तीन जून तक अपना जवाब पेश करने को कहा है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि लोकायुक्त से की गई शिकायत में संजय कुमार सिंह की आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच ईडी व विजिलेंस से कराने की भी मांग की गई है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि कानपुर एयरपोर्ट के निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली की गई। उन पर निर्माण के दौरान वित्तीय अनियमितता बरतने के भी आरोप हैं। उनकी आय से जुड़ा ब्योरा भी खंगाला जा रहा है।

# जर्जर मशीनें कैसे करेंगी डेंगू से मुकाबला

## फॉगिंग की ज्यादातर मशीनें हो चुकी हैं खराब, बची हुई भी कारगर नहीं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में डेंगू तेजी से पैर पसारने लगा है। हर रोज डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। लेकिन नगर निगम इसे लेकर कोई सतर्कता नही बरत रहा है। तेलीबाग में दो मरीज मिलने के बाद अधिकारियों ने फॉगिंग का तो निर्देश दे दिया, लेकिन जर्जर पड़ी मशीनों की तरफ गौर नही किया। निगम के पास उपलब्ध फॉगिंग मशीनों में ज्यादातर खराब पड़ी हैं। चुनाव आचार संहिता के चलते नई मशीनों की खरीद के लिए टेंडर भी नही निकाला जा सकता है। अब सवाल खड़ा होता है कि निगम डेंगू से बचाव के लिए क्या उपाय करेगा।

उच्च न्यायालय की फटकार के बावजूद नगर निगम ने डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से निपटने के लिए जरूरी संसाधन के इंतजाम नहीं किये। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के पास संकरी गलियों में फॉगिंग करने के लिए 125 साइकिल माउंटेड मशीनों में से 50 खराब पड़ी हैं। सही मशीनें भी इतनी पुरानी हैं कि उनके पुर्जे जंग खा चुके हैं। कर्मचारियों का कहना है कि ये पुरानी मशीनें फॉगिंग के दौरान अक्सर बंद हो जाती हैं। कई साल से न तो इन मशीनों की मरम्मत कराई गई न ही नई मशीनों की खरीदारी हुई।



नगर निगम में खराब पड़ीं साइकिल माउंटेड मशीनें। अमृत विचार

> पुरानी खराब मशीनें नगर निगम नहीं बनवायेगा। इनके बनवाने पर ज्यादा खर्च आ रहा है। जेम पोर्टल से हर वार्ड के लिए कम से कम दो–दो नई मशीनें खरीदी जाएंगी। गर्मी अधिक होने से अभी फॉगिंग बंद कर दी गयी है। चुनाव बाद मशीनें खरीदकर आवश्यकतानुसार फॉगिंग कराई जाएगी।
>
> –इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

▸▸ संकट खड़ा होने के बाद अचानक होने लगी मशीनों के खरीदारी की तैयारी

### सिर पर खड़ा हुआ संकट तो आई मशीनों की याद

पुरानी मशीनें कंडम हो जाने के बाद अब नगर निगम को नई मशीनें खरीदने की याद आयी है। अब नगर निगम जेम पोर्टल से नई मशीनें खरीदने की तैयारी कर रहा है। सभी वार्डों के लिए हाथ से चलाई जाने वाली दो–दो मशीनें खरीदने कवायद हो रही है। लेकिन चुनाव आचार संहिता के बाद टेंडर जारी किया जा सकता है।

### बढ़ती गई आबादी, कम पड़ते गए संशाधन

नगर निगम के 110 वार्डों में शहरी आबादी लगभग 32 लाख हो चुकी है। 88 गांव शामिल हो जाने के बाद नगर निगम का क्षेत्र भी बढ़ गया है। लेकिन संसाधन नहीं बढ़ाये गए। नगर निगम के पास केवल 32 व्हिकल माउंटेड मशीनें सही हैं। इन्हें डाले पर रखकर फॉगिंग की जाती है। इनमें 18 मशीनें खराब पड़ी हैं।

# सुरेश कांत और अलंकार को मिलेगा अट्टहास सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** माध्यम साहित्यिक संस्थान द्वारा इस वर्ष 33वां अट्टहास शिखर सम्मान दिल्ली के वरिष्ठ व्यंग्यकार सुरेश कांत और अट्टहास युवा सम्मान लखनऊ के युवा व्यंग्यकार अलंकार रस्तोगी को दिया जाएगा। यह घोषणा अट्टहास सम्मान कथाकार बलराम की अध्यक्षता में गठित नौ सदस्यीय निर्णायक समिति ने सर्वसम्मति से की।

समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार रामकिशोर उपाध्याय को भी लाइफ टाइम अचीवमेन्ट सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके अतिरिक्त माध्यम के अध्यक्ष कप्तान सिंह द्वारा पिछले अट्टहास सम्मान से घोषित पांच साहित्यकारों को माध्यम के सरक्षक डॉ. हरिवंशराय बच्चन सम्मान, डॉ. शिव मंगल सिंह सुमन सम्मान, डॉ. विद्या निवास मिश्र सम्मान, ठाकुर प्रसाद सिंह सम्मान, डॉ. चन्द्र देव सिंह सम्मान से विभूषित किया जाएगा।

# अकबरनगर : ध्वस्तीकरण से पहले मिलेगा पीएम आवास

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** कुकरैल बंधे और नदी पर अवैध तरीके से बने अकबरनगर के लगभग 1200 मकान, दुकानें, शोरूम और कॉम्प्लेक्स लखनऊ विकास प्राधिकरण ध्वस्त करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश को बरकरार रखते हुए हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है।

एलडीए के अधिकारी आदेश का परीक्षण करने के बाद आगे की कार्ययोजना तैयार करेंगे। ध्वस्तीकरण से पहले एलडीए के विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित करेगा। एलडीए ने विस्थापितों की फाइनल सूची तैयार कर ली है। राजधानी में लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान होना है। अकबरनगर के निवासियों को मतदान करने में परेशानी न हो इसलिए चुनाव से पहले इन्हें नहीं हटाया जाएगा। मतदान के बाद एलडीए अकबरनगर में कभी भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर सकता है। इससे पहले एलडीए विस्थापितों को आवास आवंटित करने के साथ उन्हें शिफ्ट करेगा।

▸▸ आदेश का परीक्षण करने के बाद एलडीए लेगा निर्णय

▸▸ ध्वस्तीकरण के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप से किया इंकार

### 1,000 विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित करेगा एलडीए

लखनऊ विकास प्राधिकरण अकबरनगर में ध्वस्तीकरण शुरू करने से पहले विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित करेगा। इसके लिए एलडीए ने लगभग 1,000 विस्थापितों की सूची तैयार कर ली है। इन विस्थापितों को आवास आवंटित करने के साथ मकान में शिफ्ट किया जाएगा। एलडीए ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अकबरनगर के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास का पंजीकरण कराने के लिए अकबरनगर में 31 मार्च तक शिविर लगाया था। जिसमें कुल 1700 लोगों ने मकान के लिए पंजीकरण कराया था। एलडीए की जांच में पाया गया कि घर के एक से अधिक सदस्यों ने आवेदन कर दिया था।

# 28 दिन नहीं मिलेगा कठौता झील को पानी

## गोमती नगर, इंदिरा नगर में पैदा हो सकता पेयजल संकट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर की करीब 10 लाख आबादी की प्यास बुझाने वाली कठौता झील को आज से पानी मिलना बंद हो जाएगा। शारदा नहर की सफाई के चलते 28 दिन तक झील में पानी नहीं छोड़ा जाएगा। समय से नहर का सफाई कार्य पूरा नही हुआ तो गोमतीनगर, इंदिरानगर और अयोध्या हाइवे से सटे इलाकों में पेयजल का संकट खड़ा हो जाएगा।

जलकल विभाग के सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि कठौता झील में 22 दिन तक के आपूर्ति का पानी स्टोर रहता है। अभी झील पूरी भरी है, इसलिए पेयजल की समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि साल में दो बार नहर की सफाई के लिए सिंचाई विभाग पानी की आपूर्ति रोकता है। इसके लिए जलकल विभाग पहले से तैयारी करके रखता है। उन्होंने बताया कि रविवार से 10 जून तक सफाई का कार्य होना है। 10 जून को नहर से झील में पानी छोड़ दिया जाएगा। नहर की सफाई के दौरान झील से जल की आपूर्ति होती रहेगी। पानी मिलने में लेट-लतीफ होने की स्थित से निपटने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इसके लिए जलकल विभाग के 100 पंप चलाए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर टैंकर से भी इलाकों में पानी पहुंचाया जाएगा।



**10** लाख की आबादी को हो सकती है दिक्कत

▸▸ सफाई कार्य के लिए 10 जून तक बंद रहेगी शारदा नहर

> सिंचाई विभाग अनुरक्षण कार्य के लिए 12 मई से शारदा नहर बंद रखेगा। इस बीच नहर में पानी नहीं छोड़ा जाएगा। कार्य समाप्त होने के बाद 10 जून से नहर में पानी छोड़ा जाएगा।
>
> –हेमंत वर्मा, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग

# चेन लूट भाग रहे बदमाश को युवती ने दौड़ा कर पकड़वाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गाजीपुर थाना क्षेत्र का मामला, रवींद्र पल्ली से भाग कर लेखराज था पहुंचा

**अमृत विचार:** गाजीपुर क्षेत्र में चेन लूटकर भागे बदमाश को युवती के साहसिक कदम से पुलिस ने दबोच लिया। युवती शोर मचाने हुए बदमाश के पीछे दौड़ी। आसपास मौजूद लोगों और गश्ती कर लौट रही पुलिस ने घेर कर बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। उससे चेन बरामद कर युवती को सौंप दी।

थाना क्षेत्र के लाटूश रोड निवासी सोनी गुप्ता शनिवार करीब 9 बजे पैदल रवींद्र पल्ली निवासी रिश्तेदार के घर से लौट रहीं थी। रास्ते में बदमाश ने झपट्टा मार उनके गले से चेन तोड़ ली और भागा। सोनी ने साहस जुटाकर शोर मचाते हुए बदमाश का पीछा किया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बदमाश को घेर लिया। इसी बीच इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय, एचएएल चौकी प्रभारी नितिन तालियान सहयोगियों के साथ उधर से निकले। पुलिसकर्मियों ने भी बदमाश का पीछा किया। खुद को घिरता देख बदमाश लेखराज के पास अंधेरे में एक दीवार के पीछे छुप गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। इंस्पेक्टर ने बताया बदमाश की पहचान चिनहट निवासी आरजू के रूप में हुई है। सोनी के प्रार्थनापत्र पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

प्रापर्टी डीलर की हत्या

# हमलावरों ने जैद के सीने पर चाकू से किए छह वार

## जमीन, मकान के लिए मस्जिद से निकलते ही घेरकर किया गया हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रापर्टी डीलर जैद के हत्या की नीयत से ही आए थे। मस्जिद से निकलते ही घेर कर उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। लहूलुहान जैद के जमीन पर गिरते ही हमलावर भाग निकले। सूचना पर परिजन पहुंचे और जैद को अस्पताल ले गए। उसके सीने पर छह और पीठ पर चाकू से कई वार किए गए। लोगों का कहना है कि पुश्तैनी जमीन और मकान, प्लाट की रंजिश में हत्या की गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर जैद को जान से मारने की नीयत से ही आए थे। सभी पर खून सवार था। हमलावर उस पर तब तक वार करते रहे, जब तक वह खून से लथपथ होकर जमीन पर मरणासन्न होकर गिर नहीं गया। जैद को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन ने बताया कि जैद के सीने पर छह वार किए गए। पीठ व शरीर के अन्य हिस्सों पर भी कई वार किए। दोनों पक्ष एक ही परिवार से जुड़े और आर्थिक रूप से काफी मजबूत हैं। दुबग्गा में इनकी सैकड़ों बीघे कीमती जमीन है। जैद के पिता उबैद अंसारी की मौत के बाद जमीन को लेकर चाचा-भतीजों में जमीन को लेकर रंजिश शुरू हो गई थी। दूसरा पक्ष जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। इसके अलावा जैद के बाजारखाला और ठाकुरगंज क्षेत्र में कई प्लाट व मकान हैं। उसी को लेकर जुबैर, ताहा, मुश्ताक, मो. साहब और जमाल से विवाद चल रहा था। करीब एक वर्ष पहले भी बिलाली मस्जिद के पास जैद पर जानलेवा हमला किया था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हुआ था। करीब डेढ़ माह उसका अस्पताल में इलाज चला था। हमले का आरोप दूसरे पक्ष पर लगा था। जानकारों का कहना है तब पुलिस ने मामला दबा दिया था।

**हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत :** बीच सड़क पर सरेआम चाकू से गोदकर युवक की हत्या से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घटना के बाद लोग घरों में घुस गए। आसपास के लोग पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते दिखे, ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो।



हत्या के बाद मृतक के घर के पास जुटी परिचितो की भीड़। अमृत विचार

### पांच नामजद, चार अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

जैद के बड़े भाई फैज आलम के प्रार्थना पत्र पर बाजारखाला पुलिस ने करीम उर्फ परवेज पुत्र मो. हलीम, मो. जुबैर पुत्र मो. हलीम, ताहम पुत्र मो. जुबैर, मो. सहाब पुत्र मो. करीम, मो. हारिम पुत्र मो. हारुन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में 3 से 4 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

उपलब्धि — सीएसआईआर–एनबीआरआई की विकसित कचनार के फूलों की तकनीकी हुई हस्तांतरित

# कचनार के फूलों का गुलाल महकाएगा बाजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** सीएसआईआर-एनबीआरआई की ओर से विकसित कचनार के फूलों से हर्बल गुलाल की तकनीकी को हस्तांतरित किया गया है। जल्द ही निजी कंपनी हर्बल उत्पाद को बाजार में उतारकर प्राकृतिक रंगों से जुड़ी व्यवस्था को बढ़ावा देगी। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के दौरान सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक ने कंपनी से करार करते हुए शोधार्थी वैज्ञानिकों को पुरस्कृत भी किया।

सीएसआईआर-एनबीआरआई में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय के महानिदेशक प्रो. रविनारायण आचार्य मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में सीएसआईआर-एनबीआरआई की ओर से विकसित कचनार के फूलों से हर्बल गुलाल की तकनीकी को हस्तांतरित किया गया। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर उमंग गोएल ने कहा कि सीएसआईआर-एनबीआरआई द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल बाजार में पहले से प्रसिद्ध है। इस बार कचनार के फूलों से बना यह नया हर्बल गुलाल जल्द ही बाजार में खुशबू बिखेरेगा। कार्यक्रम के दौरान नए शोध करने वाले वैज्ञानिक पुरस्कृत किये गए। इस अवसर पर 15 विद्यालयों के करीब 600 से अधिक छात्र उपस्थित रहे।



वैज्ञानिकों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत करते डॉ. अजित कुमार शासनी।

▸▸ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह में हुए कार्यक्रम में वैज्ञानिक भी किए गए पुरस्कृत

### अवसर पैदा करने पर साझा कार्य होगा

सीएसआईआर–एनबीआरआई द्वारा आयल इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इसके अंतर्गत इंटीग्रेटेड त्रिपुरा में एरोमैटिक फ्लोरीविलेज के विकास परियोजना के तहत सीएसआईआर मिशन परियोजनाओं के साथ त्रिपुरा के किसानों की बेहतर आजीविका के लिए आय सृजन के नए अवसर पैदा करने पर साझा कार्य किया जायेगा।

### विभिन्न प्रौद्योगिकी को जनता तक पहुंचाना है

केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक प्रो. रविनारायण आचार्य ने कहा कि अब आयुर्वेद द्वारा लाइलाज बीमारियों के लिए सस्ती दवाएं विकसित करने के साथ उचित आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली स्थापित करने में लगातार अनुसंधान एवं विकास कार्य किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विभिन्न प्रौद्योगिकी को आम जनता तक पहुंचाना है।

## महिला से छेड़छाड़, 11 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुशांत गोल्फ सिटी अहिमामऊ चौराहे के पास ऑटो में बैठी महिला को परिचित ने बाहर खींच सरेराह छेड़छाड़ की। विरोध करने पर अगवा कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता के शोर मचाने पर राहगीर मदद के लिए दौड़े तो आरोपी भाग निकला। एक सरकारी विभाग में तैनात विकास नगर निवासी पीड़िता ने वारदात के 11 दिन बाद शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने हैदरगढ़ निवासी अजय पर ऑटो से बाहर खींचकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। विरोध करने पर थप्पड़ मारा। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी की तलाश की जा रही है।

# प्रशिक्षण से नदारद 93 कर्मियों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

## केकेसी कॉलेज में निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण से नदारद रहे 93 कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने केकेसी कॉलेज में शनिवार को दिए।

उन्होंने कॉलेज में समस्त कक्षों में निरीक्षण किया। पीठासीन अधिकारियों को एमपीएस एप (मोबाइल पेमेंट सर्विस) के उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली का प्रशिक्षण सुबह 9:00 बजे से और दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर 1:30 बजे शुरू हुआ। प्रथम पाली और द्वितीय पाली के लिए 48 सौ कर्मियों को प्रशिक्षण लेना था। 12 सौ पीठासीन अधिकारी के सापेक्ष कुल 1171 पीठासीन अधिकारी और 3600 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी के सापेक्ष कुल 3509 ही प्रशिक्षण के लिए आए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है।



केकेसी कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान लगे स्टॉल पर प्रपत्र देखते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

## सेक्टर मजिस्ट्रेट को 15, जोनल को 60 बूथों की जिम्मेदारी मिली

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट को 15 और जोनल मजिस्ट्रेट को 60 बूथों की जिम्मेदारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने उन्हें मॉक पोल के बारे में भी बताया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि अगर बूथ पर कोई घटना घटित होती है, मशीन में कोई दिक्कत आती है

**▸▸ एमपीएस एप के साथ ही मॉक पोल की जानकारी दी, जिम्मेदारियां भी बताईं**

या कोई ऐसी समस्या जिससे चुनाव की प्रक्रिया में कोई व्यवधान उत्पन्न होता है, तो इस दशा में सेक्टर/ जोनल मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट को एमपीएस एप के उपयोग के बारे में बताया। इस दौरान एडीएम नगर पूर्वी अमित कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, नगर मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

## बाराबंकी में प्रशिक्षण से 35 कर्मी अनुपस्थित

**अमृत विचार, बाराबंकी :** जीजीआईसी के ऑडिटोरियम में चल रहे कार्मिकों के प्रशिक्षण में 35 कर्मचारी बिना सूचना के गायब रहे। इस दौरान सीडीओ व प्रभारी अधिकारी कार्मिक अ.सुदन ने कहा कि जो कर्मचारी गायब हैं उनके विरुद्ध प्राथमिकि दर्ज कराई जाएगी।

वहीं, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने नवीन मंडी परिसर पहुंचकर यहां पर विधानसभावार चल रहे ईवीएम व वीवी पैट मशीनों की कमीशिनिंग के कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट की कमीशिनिंग सम्बन्धित सभी कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत समय से पूरे किए जाएं। उक्त कार्य के समय सीसीटीवी कैमरे चलते रहने के भी निर्देश दिए।

## एक नजर

### इंडी गठबंधन की एकजुटता से भाजपा के नेता परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में लोकसभा चुनाव लखनऊ एवं मोहनलालगंज और लखनऊ पूर्वी विधानसभा के उप चुनाव के दृष्टिगत बैठक कहा कि इंडी गठबंधन की एकजुटता से भाजपा की सरकार और उनके नेता परेशान हैं। लगभग 63 प्रतिशत वोट इंडी गठबंधन के साथ साफ-साफ दिखाई दे रहा है। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, एवं शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष दव्य अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम तथा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत एवं महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी ने की।

### गृहमंत्री अमित शाह आज रायबरेली में

**अमृत विचार, रायबरेली :** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में राजनैतिक माहौल बनाने के लिए देश के गृहमंत्री अमित शाह आज शहर के जीआईसी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला संगठन ने पूरी तैयारी कर ली है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनात कर दी है। देर शाम कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन तरुण गाबा व डीएम हर्षिता माथुर ने सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग की। इस दौरान जिलाधिकारी ने भी पुलिस कर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जरूर निर्देश दिये।

### चुनावी पाठशाला में दिलाई मतदान की शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में 20 मई को न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पाने के लिए नगर निगम ने चुनावी पाठशाला लगाई। विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लों में स्थानीय नागरिक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया। इसके अलावा शहर के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निगम के अधिकारियों ने लोगों उनके मताधिकार के बारे में जागरूक भी किया। उन्होंने मतदान के वक्त जरूरी दस्तावेज के विकल्प के बारे में भी जानकारी दी। लोगों ने उनकी बात पर सहमति जताते हुए मतदान का संकल्प लिया।

## चुनाव में लगे कर्मी ईडीसी के जरिए कर सकेंगे मतदान

**अमृत विचार, लखनऊः** चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी उसी लोकसभा या विधानसभा के कर्मियों को मतदान के लिए ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) जारी किया जाएगा और वह बूथ पर मतदान कर सकेंगे। लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों ने केकेसी कॉलेज में पोस्टल-बैलेट से मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार केकेसी कॉलेज पहुंचे और व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने बताया कि ड्यूटी में लगे ऐसे कार्मिक जो उसी

**▸▸ प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों ने केकेसी कॉलेज में किया पोस्टल-बैलेट से मतदान**

लोकसभा या विधानसभा के मतदाता नहीं हैं वे पोस्टल-बैलेट के माध्यम से मतदान कर रहे हैं। मतदान शनिवार से शुरू हुआ है और 16 मई तक पोस्टल-बैलेट पेपर के माध्यम से वोट कर सकेंगे। चुनावी ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों के लिए कलेक्ट्रेट में मतदान की सुविधा है। तीन अलग-अलग कक्ष में चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस और अन्य कर्मी 17 से 19 मई तक पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते हैं।

### ये निर्देश भी दिए

- पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले अपनी विधानसभा का नाम, मतदाता सूची की भाग संख्या और क्रमांक आदि का विवरण पर्ची पर लिख कर साथ लाएं, जिससे मतदाता सूची में नाम खोजने में कठिनाई न हो।
- मतदान करने के लिए सभी मतदाता सरकारी कार्यालय से मिला अपना पहचानपत्र अथवा एपिक कार्ड या आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या फोटोयुक्त बैंक पास बुक कोई भी एक पहचान पत्र साथ में लाएं।
- मतदान करने वाले वोटर हेल्पलाइन एप्प गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते है या फिर https://electoralsearch.eci.gov.in पर जा कर अपनी विधानसभा का नाम, भाग संख्या, मतदाता क्रमांक तथा पोलिंग बूथ से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है।



गोमती नगर के साईं मंदिर में हवन करती जयदेवी व अन्य। अमृत विचार

## भाजपा की जीत के लिए मांगा आशीर्वाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** जय देवी कौशल व उनके परिवार जनों ने विभूतिखंड गोमतीनगर स्थित साईं मंदिर में हवन-पूजन कराकर लोकसभा चुनावों में बीजेपी सरकार के तीसरी बार सत्ता पर काबिज़ होने के लिए प्रार्थना की। मोहनलालगंज लोकसभा से प्रत्याशी कौशल किशोर की धर्मपत्नी जयदेवी ने मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के मोहल्लों में प्रचार भी किया।



मतदान जागरूकता रैली निकालते बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी के बच्चे।

## बच्चों ने किया मतदान के लिए जागरूक

**अमृत विचार लखनऊः** बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी में शनिवार को प्रातः 8 बजे से मतदान के लिए जागरुकता रैली निकाली गई।

इस रैली में लगभग 600 छात्र-छात्राओं एवं 70 शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली विद्यालय के पास-पड़ोस की कालोनियों से होते हुए विद्यालय पहुंची।

रैली में शामिल सभी बच्चों और शिक्षकों ने 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में से सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

## मतदाता जागरूकता के लिए निगम बांटेगा पंफलेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव सीट पर मतदान के लिए नगर निगम और एलडीए मतदाताओं को जागरूक करेगा। नगर निगम मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पंफलेट बांटेगा।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मतदाता जागरुकता को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि नगर निगम गृहकर एवं जलकर का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर सप्ताह में तीन बार एसएमएस भेजकर मतदान के लिए जागरूक करेगा। निगम की ओर

**▸▸ गृह और जलकर भरने वाले उपभोक्ताओं को किया जाएगा एसएमएस**

से पेड होर्डिंग्स पर सात दिनों तक मतदाता जागरुकता के संबंध में ही प्रचार-प्रसार करेगा। कालोनियों में सफाई कार्य के लिए लगे वाहन भी गीत के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। स्मार्ट सिटी और सूचना विभाग की स्क्रीन पर चुनाव आयोग की ओर से जारी की गई मतदाता जागरुकता के संबंध में फिल्म एवं स्लोगन का प्रसारण किया जाएगा।

वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण विभिन्न योजनाओं की बहुमंजिला आवासों में मतदाता जागरुकता के लिए प्रचार करेगा। जबकि रेडियो एफएम चैनल्स पर मतदाता जागरुकता के संबंध में तैयार किए गए गीत को को 12 से 18 मई तक दिनभर में पांच बार प्रसारित करेगा। एफएम चैनल्स के रेडियो जॉकी मॉर्निंग शो में महिला बीएलओ के माध्यम से महिला मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी 20 महिला बीएलओ को नामित करेंगे। मंडलायुक्त ने बताया कि 14 को मशाल जुलूस, 15 को विंटेज कार रैली और 16 को दिव्यांग रैली की जाएगी। जबकि 17 को पेंटिंग प्रतियोगिता और स्कूटी पिंक रैली होगी।



घर-घर जाकर पर्ची वितरित कर पत्रक देते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ।

## भाजपा ने शुरू किया मतदाता पर्ची वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर मतदाता पर्ची बांटी। साथ ही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर से कराए गए विकास कार्यों से संबंधित पत्रक बांटे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शनिवार को अभियान की शुरुआत क। उन्होंने बूथ आवासीय पब्लिक स्कूल, गीतापल्ली वार्ड में घर-घर मतदाता पर्ची के साथ विकास कार्यों का पत्रक वितरण कर स्टीकर लगाया। भाजपा नेता नीरज सिंह ने पूर्व विधानसभा, पश्चिम विधानसभा में, उत्तर विधानसभा में विधायक डॉ. नीरज बोरा, मध्य विधानसभा में रजनीश गुप्ता ने पर्ची वितरण किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, क्षितिज, गोविंद कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

## इंटरवेंशन तकनीक से स्ट्रोक के मरीजों को मिल रहा बेहतर इलाज

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** मेदांता हास्पिटल में स्ट्रोक के मरीजों को इन्टरवेंशन तकनीक से पूरा इलाज मिल रहा है, नस के रास्ते नस में जमे धक्के को हटाने के लिए त्वरित इलाज मिलने पर रोगियों के जीवन को बचाने में सफलता भी मिल रही है। मेदांता अस्पताल में अबतक 100 से अधिक स्ट्रोक मरीजों में थ्रॉम्बोलायसिस और थ्रॉम्बेक्टमी की प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है, जोकि अन्य अस्पतालों से कहीं ज्यादा है।

स्ट्रोक यूनिट के प्रभारी व न्यूरोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ ऋत्विज बिहारी ने शनिवार को बताया कि वैश्विक स्तर पर कम से कम 10 प्रतिशत स्ट्रोक रोगियों को ही इलाज मिलता है। उप्र. में

**▸▸ 100 से अधिक मरीजों में थ्रॉम्बोलायसिस और थ्रॉम्बेक्टमी करने वाला राजधानी में मेदांता पहला अस्पताल**

स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां कम से कम एक प्रतिशत रोगियों को ही उपचार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि थ्रॉम्बोलायसिस सर्जिकल प्रक्रिया है जिसमें नस में जमे खून के थक्के को हटाया जाता है।

न्यूरोसाइंस के डॉ ए.के. ठक्कर ने स्ट्रोक की रोकथाम, समय पर इन्टरवेंशन, और पुनर्वास के बारे में जागरूकता बढ़ावा देने के महत्व को जोर दिया। साथ ही चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए मरीज के लिए बरते जाने वाले एहतियात के बारे में बताया।उन्होंने अस्पताल में मौजूद सुविधाओं के बारे में भी बताया।



मतदाता रैली निकालते इंदिरानगर क्षेत्र के स्कूली बच्चे। अमृत विचार

## स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता रैली

**अमृत विचार, लखनऊः** ड्रीम इंडिया स्कूल इंदिरानगर के विद्यार्थियों ने शनिवार को प्रिंसिपल डॉ. रचना सक्सेना के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

रैली क्षेत्र के विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए वापस स्कूल परिसर पर समाप्त हुई। रैली में बच्चों ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे विभिन्न नारों के द्वारा लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

डॉक्टर सक्सेना ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 20 मई को अपना मतदान जरूर करे।

## पीएम मोदी के सपनों के भारत को मिलकर संजोएंगे : पुष्कर धामी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के भारत को हम सब मिलकर संजोएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं।

धामी ने लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पूर्वी विधानसभा सीट से ओपी श्रीवास्तव के समर्थन में पर्वतीय महापरिषद की ओर से आयोजित सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार होते देख रहे हैं। धामी ने राजनाथ सिंह को पांच लाख और ओपी श्रीवास्तव को दो लाख वोटों से जिताने की अपील की।

ओपी श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्वी विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी। पूर्वी विधानसभा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने शालीमार गैलेंट में लोगों से मुलाकात की, फिर सेक्टर डी. रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन में जनसभा की। भाजपा नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, मेयर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

**केंद्र सरकार गरीब, महिला और युवाओं के प्रति समर्पित :** भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के प्रति समर्पित है। शनिवार को कैसरबाग सब्जी मंडी में सोनकर समाज की ओर से आयोजित बैठक में उन्होंने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक वोटों से जिताने की अपील की।



पर्वतीय महापरिषद की ओर से आयोजित सभा में मौजूद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, साथ में महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### रामनगर के लिए यातायात व्यवस्था सुगम की जाए

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भारतीय पर्वतीय महासभा के राष्ट्रीय संयोजक मोहन सिंह बिष्ट एवं अध्यक्ष अनुपम सिंह भंडारी ने एक होटल में मुलाकात की। सीएम धामी का पटका पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उत्तराखंड के नैनीताल जिले में पड़ने वाली हल्द्वानी और रामनगर की समस्याओं के बारे में बताया। सीएम को ज्ञापन देते हुए हल्द्वानी और रामनगर के लिए यातायात व्यवस्था सुगम कराने की मांग की। भारतीय पर्वतीय महासभा की ओर से उत्तराखंड आवागमन सीधे और नियमित ट्रेन प्रारंभ कराने के साथ ही काठगोदाम एक्प्रेस का सातों दिन संचालन कराने की मांग की। सीएम धामी ने उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपते भारतीय पर्वतीय महासभा के राष्ट्रीय संयोजक मोहन सिंह बिष्ट एवं अध्यक्ष अनुपम सिंह भंडारी ।

**समस्या** महानगर, ऐशबाग, मिल एरिया क्षेत्र में पौधे और लताओं ने तार और ट्रांसफार्मर को रखा है घेर

## दो करोड़ खर्च, नहीं उतर पाई ट्रांसफार्मर-खंभों से लताएं

नीरज अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचारः** कहीं पेड़ की टहनियों ने लंबी दूरी तक बिजली के तार ढक रखे हैं तो कहीं खंभों और ट्रांसफार्मर पर लताओं का डेरा है। हाल यह है कि बिजली व्यवस्था बाधित होने पर कमियों को पहले इन लताओं और पेड़ों की टहनियों से जूझना पड़ता है। इन्हें हटाने के बाद फिर समस्या पर काम शुरू होता है।

यह तब है जब रखरखाव के नाम पर पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। करीब दो करोड़ रुपया अकेले लखनऊ के चार जोन में केवल इसी समस्या से निजात के लिए खर्च किया जा चुका है। लेकिन करंट भेजने वाले तमाम विद्युत संयंत्र आज भी इसी ''अनचाही हरियाली'' से ढके हुए हैं। तस्वीरें गवाह हैं कि कैसे ऐशबाग, मिल एरिया और महानगर छपरतल्ला चौराहे पर लताओं ने बिजली का खंभा, तार और ट्रांसफार्मर को ढक रखा है। इसकी वजह से पेटीफ्यूज में आए दिन दिक्कत आती है। जम्फर जल जाते हैं जिससे निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा ध्वस्त हो जाता है। ऐसे में कारपोरेशन की ओर से कराए जा रहे अनुरक्षण कार्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं।





राजधानी के हरियाली से भरपूर इलाकों में बिजली के खंभों पर कुछ इसी तरह लताएं फैली हुई है। अमृत विचार

### इन इलाकों में घंटों बाधित रहती है बिजली आपूर्ति

नादरगंज, सरोजनी नगर, आशियाना, चौक, बीकेटी, चिनहट, गोमती नगर, लाटूश रोड, अमीनाबाद, मोती नगर, चौपटिया, यहियागंज, हुसैनगंज, ऐशबाग, कुंडरी रकाबगंज, कैंपवेल रोड, अपट्रान, राजाजीपुरम, आलमबाग,अमौसी, तेलीबाग, कैंट, सदर, वृंदावन, फैजुल्लागंज, इंदिरानगर, विकासनगर, जानकीपुरम, गुडंबा आदि में आए दिन तार और ट्रांसफार्म सुलग उठते हैं।

### विभागीय दावे

- शहर में लगभग 28 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए शहरी और ग्रामीण इलाकों में केबिल तार बिछाए गए।
- 350 से अधिक उच्च क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर लगाए गए।
- क्षेत्रों में लगाए गए 900 ट्रांसफार्मर।
- 1,000 केवीए क्षमता से लेकर 730 केवी, 400 केवी, 250 केवी और 63 केवीए ट्रांसफार्मर भी रखे गये हैं।
- ग्रामीण इलाकों में 2,000 से अधिक 10 केवीए के ट्रांसफार्मरों को लगाने में भी करोड़ो खर्च किए हैं।

**"राजधानी के करीब दो करोड़ रुपये विद्युत आपूर्ति में बाधा बनीं पेड़ की टहनियां, पौधे और लताओं के हटाने में खर्च किया जा चुका है। ठेकेदार इन कार्यों को करते हैं। अगर काम संतोषजनक नहीं हुआ तो उसे बदल दिया जाता है। जिन स्थानों की बात की जा रही है, उसे देखा नहीं गया है। अगर ऐसा है तो उसे हटवाकर लाइन को दुरुस्त कराया जाएगा।**

**-सुनील कपूर**, मुख्य अभियंता, ट्रांस गोमती

## सर्वर डाउन होने से नहीं रिचार्ज हो पाए मीटर

**अमृत विचार,लखनऊः** निराला नगर उपकेंद्र में शनिवार दोपहर सर्वर डाउन हो गया। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिल जमा करने को लेकर उपकेंद्र कर्मचारियों और उपभोक्ताओं में नोकझोंक भी हुई।

बिल जमा करने आए महानगर के रिशी मिश्रा ने बताया कि सर्वर

**▸▸ निराला नगर उपकेंद्र से बिल जमा किए बिना लौटे उपभोक्ता**

कब तक सामान्य होगा, कर्मचारी यह नहीं बता पा रहे हैं। इंतजार करने के सिवाय उपभोक्ता क्या कर सकता है। लाल कॉलोनी से आए मोहित ने बताया कि आज मेरा रिचार्ज खत्म हो रहा है। सर्वर डाउन होने से मीटर रीचार्ज नहीं कर पाया। इससे घर में अंधेरा रहेगा। आए दिन कर्मचारी सर्वर डाउन होने का बहाना बनाकर काम बंद कर देते हैं। इस संबंध में निराला नगर के अवर अभियंता आर सी यादव ने कहा कि हमारे संज्ञान में सर्वर डाउन होने की जानकारी नहीं है। जानकारी करके उसे सही कराया जायेगा।

## एक नजर

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा के मुताबिक शुक्रवार को पीड़ित पिता ने प्रार्थना-पत्र देकर कहा था कि आरोपी समीर खान निवासी खदरा, थाना मदेयगंज ने बेटी को घर बुला कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया। बेहोश होने पर उससे दुष्कर्म किया। होश आने पर बेटी ने पुलिस से शिकायत की बात कही तो जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने कहा मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। जागर्स पार्क से गिरफ्तार किया गया।

### चाचा-भतीजे को पीटा चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, निगोहां :** थाना क्षेत्र के नरायनखेड़ा गांव में रंजिश में चार लोगों ने चाचा-भतीजे को डंडे व बेल्ट से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा है। रमपुरा गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया शनिवार को भतीजे के साथ नरायनखेड़ा गया था। राधेलाल, साजन, बीरबल व करन ने गाली-गलौज कर पीट दिया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नशे में धुत बाइक सवार पेड़ से टकराया

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल क्षेत्र में नशे में धुत बाइक सवार के पेड़ से टकरा कर घायल होने का मामला सामने आया है। युवक को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। शनिवार शाम 5 बजे मंझी निवासी भुल्लन सिंह (45) नशे में धुत होकर बाइक से नरायनपुर जा रहे थे। रास्ते में माल-दुबग्गा रोड पर बीरपुर गांव के पास बेकाबू होकर पेड़ में टकरा कर गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी भेजा। जहां से डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

### भट्ठा के मुंशी के साथ मारपीट, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, निगोहां :** थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठा के मुंशी को पीटकर घायल करने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी के मुताबिक दखिना शेखपुर निवासी चन्द्र प्रकाश तिवारी हरिहरपुर पटसा गांव के ईंट भट्ठे पर मुंशी हैं। शुक्रवार देर रात ढाबे से भट्ठे पर मजदूरों के लिए खाना लेकर जा रहे थे। रास्ते में राजन शुक्ला ने चचेरे भाई भूतेस शुक्ला के साथ रोक कर लात घूसों से पीट दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुये भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डिजिटल अरेस्ट : 40 दिनों में जालसाजों ने 20 लोगों से पार किए 56 करोड़

## रिटायर्ड अधिकारियों, कर्मचारियों को निशाना बना रहे साइबर जालसाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कॉल करके कोई डिजिटल अरेस्ट की धमकी दे तो सावधान हो जाइए। क्योंकि ये पुलिस नहीं साइबर अपराधी हैं। फ्रॉड के इस नए फार्मूले से जालसाजों ने लखनऊ में 40 दिन के भीतर 56 करोड़ रुपये लोगों के खातों से उड़ा दिए। ऐसे 20 पीड़ित सामने आए हैं जिनकी गाढ़ी कमाई चली गई। पुलिस ने कुछ मामलों का खुलासा करके आरोपियों को पकड़ा भी, लेकिन ज्यादातर घटनाएं अभी तक अनसुलझी हैं।

साइबर क्राइम थाने में 40 दिन में 56 करोड़ रुपये खातों से निकल जाने की शिकायतों ने पुलिस को भी सकते मे डाल दिया है। खास बात यह है कि जालसाजों के शिकार इन पीड़ितों में ज्यादातर रिटायर्ड अधिकारी, कर्मचारी, अकेले रहने वाले बुजुर्ग और कामकाजी महिलाएं शामिल हैं। जालसाजों ने किसी को शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर बातों में फंसाया तो कोई 500 गुना से अधिक मुनाफे के लालच में उलझकर रकम गवां बैठा। साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि ज्यादातर पीड़ितों को किसी न किसी केस का डर दिखा कर उन्हें डिजिटल अरेस्ट किए जाने की धमकी दी जाती है। इसी दौरान उनकी सारी डिटेल लेकर खाते से रकम उड़ा दी जाती है। यह साइबर जालसाजों का नया पैंतरा है जिससे बेहद सावधान रहने की जरूरत है।

**प्रोफाइल खंगालने के बाद चुनते हैं अपना शिकार :** यूपी पुलिस के लिए काम कर रहे दिल्ली के साइबर एक्सपर्ट राहुल मिश्रा के मुताबिक जालसाज सोशल मीडिया प्लेटफार्म या अन्य माध्यमों से ऐसे लोगों की तलाश करते हैं जो जल्दी में किसी बड़े पद से रिटायर्ड हुए हों। ऐसे व्यापारी जिनके पास आय से अधिक रकम होने का अंदाजा हो वे भी इनका शिकार बनते हैं। जालसाज ऐसे लोगों की गतिविधियों का पता लगाने के बाद उन्हें कॉल करते हैं। इसके बाद अलग-अलग तरीके से बातों में उलझाकर किसी तरह बैंक डिटेल हासिल कर लेते हैं। झांसे में आया व्यक्ति आसानी से डिटेल दे तो ठीक वरना उसे डिजिटल अरेस्ट किए जाने का भय दिखाते हैं। मकसद पूरा होते ही फोन बंद कर लेते हैं। काफी देर बाद पीड़ित समझ पाता है कि उसके साथ ठगी हो गई है।

### मुनाफे के लालच में गवां दिए 76 लाख

खनन मंत्रालय से रिटायर्ड डॉ. घनश्याम तिवारी को जालसाजों निवेश पर 600 फीसदी मुनाफे का लालच दिया। झांसे में आकर उन्होंने बताए गए खातों में 76 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ।

### क्रिप्टो करेंसी के चक्कर में चले गए दो करोड़

गोमतीनगर निवासी ऋचा वर्मा को जालसाजों ने क्रिप्टो करेंसी और शेयर मार्केट में निवेश का लालच दिया। कॉल करने वाले जालसाज ने खुद को लंदन स्टॉक एक्सचेंज का अधिकारी बताया। झांसे में आई ऋचा वर्मा ने करीब दो करोड़ 14 लाख रुपये का निवेश कर दिया।

### डॉक्टर को बनाया निशाना ठगे 85 लाख

साइबर जालसाजों ने फर्जी सीबीआई और कस्टम अधिकारी बनकर केजीएमयू की डॉ सौम्या गुप्ता को कार्गो बुकिंग में जाली पासपोर्ट के इस्तेमाल करने की बात कही। बताया कि उनकी तरफ से बुक कार्गो से नशीला पदार्थ लाया जा रहा है। इसके बाद डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 85 लाख रुपये खाते से पार कर दिए।

### आवास आयुक्त से मांगी रंगदारी

साइबर जालसाजों ने आवास आयुक्त बलकार सिंह को पुलिस बनकर धमकाया। इन्हें भी डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर रुपयों की मांग की। हांलाकि वे झासे में नहीं आए और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव ने बताया कि जालसाजी से बचने के लिए इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- अंजान नंबर से आई कॉल पर किसी को व्यक्तिगत जानकारी न दें।
- निवेश में मुनाफा, आयात-निर्यात में पेचीदगी, किसी केस में नाम आने जैसी धमकियां सुनते ही फोन काट दें।
- किसी के द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें।
- अपरिचित द्वारा बताए गए एप को फोन में डाउनलोड न करें।

### वरदान लॉन के मालिक के खिलाफ नगर निगम ने दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** जोन सात के उत्तरधौना में सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर नगर निगम ने वरदान लॉन के मालिक घनश्याम कुमार जिंदल पर एफआईआर कराई है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर नगर निगम के लेखपाल शुभाष कौशल ने लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 2/3 के तहत चिनहट थाने में एफआईआर कराई है। ग्राम उत्तरधौना के गाटा संख्या 240, क्षेत्रफल 0.124 हेक्टेयर परती भूमि के लगभग 2300 वर्गफिट भूमि पर वरदान लॉन ने अवैध कब्जा कर लिया था। राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने भूमि के सीमांकन में पाया कि नगर निगम की भूमि के कुछ भाग पर स्थायी और अस्थायी निर्माण कराके कब्जा किया गया है। भूमि का बाजार मूल्य लगभग दो करोड़ रुपये है। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि नायब तहसीलदार संजय सिंह के नेतृत्व में की गयी पैमाइश के बाद अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# रेलवे से सेवानिवृत्त दरोगा और डाककर्मी समेत चार ने दी जान

## काकोरी, न्यू कॉलोनी पारा, भपटामऊ, राजाजीपुरम से सामने आए मामले

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचारः** पारा थाना क्षेत्र में रेलवे से सेवानिवृत्त दरोगा और पति से अलग किराये के कमरे में रहने वाली महिला का शव फंदे से लटका मिला। परिजन ने आत्महत्या की वजह पता होने से मना किया है। पुलिस ने पंचनामा भर शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

पारा थाना क्षेत्र के डॉक्टर खेड़ा चौकी के अंतर्गत लकी मेडिकल स्टोर के पास न्यू कॉलोनी स्थित मकान में रेलवे के सेवानिवृत्त दरोगा चंद्रप्रकाश दीक्षित (61) रहते थे। शुक्रवार रात कमरे छत में पंखे के हुक में चादर से फंदा लगाकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक परिजन आत्महत्या का कारण पता होने से मना कर रहे हैं। उधर, इसी थाना क्षेत्र के भपटामऊ के किराये के मकान में रहने वाली प्रीति उर्फ पूजा (25) का शव कमरे में दुपट्टा से फंदे पर लटका मिला। मोहान रोड चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि महिला पति से अलग रह रही थी। वह मूलरूप से हरदोई जनपद के मल्लावां थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। बताया परिजन को सूचना दी है। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### घर के सामने बने पार्क में खुद को मारी गोली

**अमृत विचार, लखनऊ :** डाक विभाग से सेवानिवृत्त लिपिक ने घर के सामने पार्क में लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है। राजाजीपुरम के ई-ब्लाक निवासी लक्ष्मी नारायण त्रिवेदी (61) छह महीने पहले भारतीय डाक विभाग में लिपिक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके पुत्र शिवा ने बताया कि वे कुछ समय से अवसाद में थे। अक्सर उनका मां रेखा के साथ विवाद होता था। शुक्रवार को भी विवाद हुआ तो उन्होंने मां की पिटाई कर दी। नाराज होकर मां आलमबाग स्थित बरहा कॉलोनी स्थित मायके चली गई। घर में लक्ष्मी नारायण अकेले थे। कमरे में रखी लाइसेंसी दोनाली बंदूक लेकर वे घर के सामने पार्क में चले गए। जहां उन्होंने अपने सिर में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन फानन उन्हें रानी लक्ष्मी बाई राजकीय संयुक्त चिकित्सालय ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाया था फंदा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीएयू यूनिवर्सिटी के जंगल में फंदे से लटके मिले शव की शिनाख्त शनिवार को आशियाना पुलिस ने शत्रुहन (37) के रूप में हुई। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक जेब से मिले मोबाइल से संपर्क करने पर परिचित संदीप ने बताया कि शत्रुहन मूलतः निगोहां के दखिना शेखपुर का रहने वाला था। वह मजदूरी करता था। पत्नी निशा ने बताया कि तेलीबाग में काम करने के चलते कई दिन से वहीं रुके थे। इसको लेकर मंगलवार को झगड़ा कर घर से निकला था। परिवार में दो बेटियां हैं।

### मामा के घर लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी क्षेत्र में मामा के घर रहने वाले युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। मां ने पत्नी समेत अन्य मायके वालों की मारपीट से आहत होकर जान देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। थाना क्षेत्र के दोना गांव निवासी मामा बाबू लाल के यहां रह रहे राजू गौतम (32) का शव शुक्रवार रात घर में फंदे से लटका मिला। मां प्रभुदेई ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया राजू की शादी तीन वर्ष पहले लालता खेड़ा निवासी नीलू से हुई थी। पत्नी से वह परेशान रहता था। 25 अप्रैल को नीलू भाई के साथ मायके चली गई थी। शुक्रवार को पत्नी के फूफा एक अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें देखने राजू गया था, जहां पहले से मौजूद पत्नी से विवाद हुआ था। प्रभुदेई का आरोप है कि राजू के साथ अस्पताल में मारपीट की गई थी। इससे वह काफी आहत था, जिसके चलते मामा के घर पहुंचकर उसने जान दे दी। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# डिवाइडर से टकराई कार, बैंककर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खिड़की से बाहर निकलकर डिवाइडर में जा भिड़े
- लोहिया अस्पताल के सामने शुक्रवार देर रात हुआ हादसा

**अमृत विचार :** विभूतिखंड थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात लोहिया अस्पताल के सामने तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार चला रहा निजी बैंक कर्मी खिड़की के शीशे से बाहर निकलकर सिर के बल डिवाइडर पर जा गिरा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मूलतः बिहार के पटना निवासी रोहित कुमार (24) दो वर्ष से आईसीआईसीआई बैंक में काम कर रहे थे। वह जियामऊ में किराए के मकान में रहते थे। शुक्रवार रात रोहित कमता स्थित दोस्त के घर खाना खाने गए थे। वहां से रात करीब डेढ़ बजे कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में लोहिया अस्पताल के सामने तेज रफ्तार में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद एकत्रित राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी लोहिया अस्पताल ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक रोहित के परिवार में दो भाई और एक बहन हैं।



मृतक बैंक कर्मी रोहित कुमार

**तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार होने के कारण हादसा हुआ जिसमें बैंककर्मी की जान गई। कार तेज रफ्तार में होने के साथ शीशा भी खुला था। इसी ये कार अनियंत्रित हो गई। हादसे में रोहित शीशे से बाहर निकलकर डिवाडडर से टकरा गए। सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार का शीशा बंद होता तो जान बच सकती थी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा क्षेत्र में कार की टक्कर से एक बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गये। हालत गंभीर बताई जा रही है। काकोरी थाना क्षेत्र के करीमाबाद गांव निवासी मोहम्मद आमिर ने दुबग्गा थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है। कहा भाई मो. आरिफ साथी हिमांशु के साथ शनिवार को बाइक से घर से दुबग्गा जा रहा था। सैदपुर पलिया गांव के आउटर रिंग रोड सर्विस लाइन पर पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत भाग निकला। हादसे में आमिर व आरिफ गंभीर घायल हो गये। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### छात्रा को बहला-फुसला कर ले जा रहा आरोपी एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज क्षेत्र से स्नातक की छात्रा को अतरौली निवासी दूसरे समुदाय के युवक द्वारा भगा ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों को पता चला कि आरोपी छात्रा को फ्लाइट से दिल्ली होकर गोवा ले जा रहा है। परिजनों की शिकायत पर मोहनलालगंज पुलिस ने गोवा पुलिस से सम्पर्क कर आरोपी को हिरासत में लेकर छात्रा को बरामद कर लिया। पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में पीड़ित भाई ने बताया कि मंगलवार सुबह 4 बजे आरोपी मोहम्मद अमान उसकी बहन को बहला फुसला कर भगा ले गया है। तलाश करने पर पता चला कि आरोपी लखनऊ से दिल्ली होकर फ्लाइट से गोवा जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर गोवा पुलिस से सम्पर्क किया और एयरपोर्ट पर ही दोनों को रोक लिया। पुलिस आरोपी व छात्रा को वापस लाई। छात्रा को परिजन को सौंप आरोपी को जेल भेज दिया।



केजीएमयू के मुख्य द्वार पर राहगीर को हेलमेट देतीं नर्सें। अमृत विचार

# नर्सों ने राहगीरों को बताए हेलमेट लगाने के फायदे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को केजीएमयू नर्सेज एसोसिएशन की ओर से संरक्षक प्रदीप गंगवार की अध्यता में नर्सेज द्वारा केजीएमयू के मुख्य द्वार पर फ्लोरेंस नाइटेंगल की प्रतिमा पर दीप जलाकर उनका जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान राहगीरों को 101 हेलमेट बांटे गए।

इस दौरान हेलमेट लगाने के फायदे और न लगाने के नुकसान बताये गये। हेलमेट न लगाने के कारण पूर्व में हुई घटनाओं के चित्रों को दिखाकर उनसे भावनात्मक अपील भी की गई। साथ ही साथ लोकसभा चुनाव में मतदान करने का अनुरोध भी किया गया। एसोसिएशन के महामंत्री जितेन्द्र उपाध्याय ने नर्सेज की उपलब्धियों के बारे में बताया तथा अध्यक्ष यदुनंदिनी सिंह ने नर्सेज को संवेदनशील रहने एवं मरीज हित का संदेश दिया। कार्यक्रम में नर्सिंग संवर्ग से सैकड़ो नर्सिंग ऑफिसर्स उपस्थित रहे।

# जमीन बंटवारे में दो पक्षों में मारपीट, नौ लोग घायल

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- बीकेटी थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव का मामला, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्ष के नौ लोग घायल हो गये। इनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीकेटी थाना अंतर्गत शिवपुरी गांव में शुक्रवार को जमीन के बंटवारे को लेकर चाचा भतीजे में कहासुनी हुई थी। इसी मामले में शनिवार सुबह दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी, डंडे, सरिया, बांका से हमला कर दिया। मारपीट में एक पक्ष से सूरज कुमार, कृष्णा देवी, सुमन घायल हो गए। दूसरे पक्ष से परागी, शनि, रवि, रोशनी, लीलावती गम्भीर रूप से घायल हो गईं। मारपीट की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। इनमें परागी व रोशनी, सूरज व कृष्णा देवी की हालत गम्भीर बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के प्रार्थना-पत्र पर एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### ग्रामीणों ने कराया था जमीन का बंटवारा

पुलिस के मुताबिक आबादी की जमीन पर बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों में आए दिन झगड़ा होता था। इसके चलते ग्रामीणों ने आपसी सहमति पर बंटवारा कराया था। दोनों पक्ष सहमत थे। लेकिन फिर कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई।

### प्रापर्टी में निवेश व फैशन टीवी की फ्रैंचाइजी दिलाने के नाम पर 43.30 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जालसाजों ने महिला और कारोबारी को प्रॉपर्टी में निवेश व फैशन टीवी की फ्रैंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 43.30 लाख रुपये हड़प लिए। सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा निवासी अंजलि सिंह ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। प्रार्थनापत्र में कहा कि उनकी दोस्ती गौरी विहार निवासी यूसुफ अली से थी। यूसुफ ने उन्हें ट्रेडिंग व प्रॉपर्टी में निवेश पर अधिक लाभ का झांसा दिया। इस पर उन्होंने 9 लाख 50 हजार, भाई कृष्णा सिंह ने 5 लाख 79 हजार व मित्र अलोक गौतम ने 8 लाख 75 हजार रुपये निवेश कर दिए। तय समय पर न मुनाफा मिला और न रकम। ठगी का एहसास होने पर रुपये लौटाने का कहा तो धमकी मिली। उधर, विज्ञानपुरी निवासी मनोज के मुताबिक वर्ष 2022 में सोशल मीडिया से फैशन टीवी के बारे में पता चला था। कंपनी के नंबर पर संपर्क किया तो मुंबई के सांताक्रूज निवासी कासिफ से बात हुई थी। कासिफ ने फैशन टीवी की फ्रैंचाइजी दिलाने दावा किया। कहा कंपनी से जुड़कर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। बातों में आकर मनोज ने 19 लाख कंपनी में जमा कर दिए। न फ्रैंचाइजी मिली और न रकम। पीड़ित ने जालसाजी में कासिफ के साथ कंपनी के दुष्यंत सिंह, प्रियेश जैन और हार्दिक गौर के भी शामिल होने की बात कही है। इंस्पेक्टर दीपक पांडेय ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप

### ताला तोड़ गोदाम से सामान व एक लाख लूटने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमीनाबाद थाने में फुटवियर कारोबारी ने मालिक पर गोदाम का ताला तोड़कर कब्जा करने व लाखों का माल और नकदी लूटने का आरोप लगाया है। मामले में कारोबारी के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने आरोपी गोदाम मालिक व उसके दो बेटों समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। अमीनाबाद के मौलवीगंज निवासी मो. अहमद फुटवियर कारोबारी हैं। अहमद के मुताबिक करीब 20 वर्ष उन्होंने हबीबुर्रहमान से उनका चिकमंडी स्थित गोदाम किराये पर लिया था। गोदाम में छह लाख का सामान व एक लाख रुपये नकद रखे थे। 20 अप्रैल को 9 बजे गोदाम बंद कर घर गए थे। 21 अप्रैल की सुबह जब पहुंचे तो देखा कि गोदाम के ताले टूटे थे। गोदाम में रखे एक लाख रुपये गायब थे। कुछ सामान बाहर पड़ा था और कुछ गायब था। अहमद का आरोप है कि गोदाम मालिक हबीबुर्रहमान व उसके बेटे जान से मारने की धमकी व जबरन गोदाम खाली करने की बात कही है। आरोपियों ने गोदाम में लूट की है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद के मुताबिक, अहमदी की शिकायत पर हबीबुर्रहमान, बेटे काशिफ, आमिश, हुसैन अहमद व उनके बेटे नदीम, दाउद और शफीकुर्रहमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### दो घरों व गोदाम से चोरों ने लाखों का सामान समेटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चोरों ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में होटल मैनेजर समेत दो घरों और प्लाईवुड गोदाम से लाखों का सामान चुरा लिया। मैनेजर ने करीब 20 लाख के गहने चोरी होने का पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। मूलतः बस्ती निवासी अश्वनी सिंह परिवार के साथ चिनहट के कंचनपुर मटियारी में रहते हैं। अश्वनी होटल रनवीर में कारपोरेट मैनेजर हैं। 7 मई को पत्नी बच्चों को लेने स्कूल गईं थीं। दोपहर 12 बजे वह घर लौटीं तो मेन गेट का ताला टूटा था। कमरों में सामान बिखरा और अलमारी के लॉकर टूटे थे। चोर 20 लाख के जेवर समेट ले गए। अश्वनी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। पुलिस ने मामले में चार दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, हिमांशु के मुताबिक उनके रिश्तेदार आकाश सिंह चिनहट में दयाल फार्म के पास रहते हैं। कुछ दिन पहले आकाश परिवार के साथ गांव गए थे। 7 अप्रैल की रात चोरों ने घर का ताला तोड़ लाखों के जेवर चुरा लिया। इधर, कृष्णानगर के जाफर खेड़ा निवासी पीके जैन की प्लाईवुड की दुकान व गोदाम है। पीके के मुताबिक शुक्रवार रात चोरों ने गोदाम से 15 हजार का सामान चोरी कर लिया। इंस्पेक्टर कृष्णानगर के मुताबिक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राजाजीपुरम के जलालपुर निवासी बलराम उर्फ बल्ले के रूप में हुई है। कहा आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### किरायेदार पर वकीलों की मदद से कब्जा करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में विधवा ने किरायेदार पर वकील साथियों के साथ मिलकर छेड़छाड़ और गोली मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसके मकान पर कब्जा करने की नीयत से इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जेसीपी लॉ एंड आर्डर के आदेश पर पुलिस ने 4 नामजद और 20 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। महिला ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र देकर बताया उनके पति की मौत हो चुकी है। परिवार का भरण पोषण करने अपना मकान अनुज श्रीवास्तव व उनकी पत्नी हर्षिता को किराये पर दिया था। अनुज ने बिना बताए वकील दिलीप सिंह व एक अज्ञात को भी मकान में रख लिया। अनुज व उसके वकील आये दिन मकान में शराब पीकर हंगामा करते हैं। 27 मार्च को पीड़िता मकान की मरम्मत कराने पहुंची तो छत पर दिलीप सिंह, प्रतीक सिंह व अनुज समेत कई लोग शराब पी रहे थे। पीड़िता के विरोध करने पर हर्षिता ने धक्का देने की कोशिश करने लगी। इस बीच अनुज साथियों के साथ छेड़छाड़ कर कमरे में खींचने का प्रयास करने लगा। खुद को बचा भाग कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर अनुज, दिलीप, प्रतीक सहित 20 अज्ञात लोगों ने एक महीने में मकान खाली करने की बात कही लेकिन खाली नहीं किया। आरोपी उसे झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। मकान हड़पने की नियत से पते का दुरुपयोग भी कर रहे हैं। अनुज व साथी भाड़े पर हत्यारों को तलाश कर उसकी व बच्चों की हत्या की साजिश रच रहे हैं। इंस्पेक्टर गोमतीननगर विस्तार ने बताया अनुज, हर्षिता, दिलीप, प्रतीक व 20 अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### पति पर प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**अमृत विचार, तालकटोरा :** थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पति पर प्रताड़ना व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। राजाजीपुरम ए ब्लॉक निवासी आर वाजपेई की पुत्री वर्षा का विवाह 2 फरवरी 2011 को पंकज तिवारी निवासी बाबूगंज करनैलगंज गोंडा से हुआ था। आरोप है कि 2 वर्ष पहले पति की पिटाई से बेटी को गंभीर चोटें आईं। इससे वह 4 वर्ष के बेटे के साथ मायके चली आई। आरोपी मायके स्थित घर के आसपास कुछ लोगों के साथ चक्कर लगा धमकी देता है। प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे ने बताया मामला दर्ज किया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

सजगता | ट्रांसपोर्ट नगर में सवारियां उतारते समय परिचालक ने देखी टूटी बेयरिंग

# चलती बस की टूटी बेयरिंग, परिचालक की सूझबूझ से टली दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिचालक की सूझबूझ से शनिवार को शहर की सिटी बस दुर्घटना का शिकार होने से बच गई। साथ ही इस बस के सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से निकाल लिया गया। बस में तकरीबन एक दर्जन यात्री मौजूद थे। बस का बेयरिंग टूट जाने के कारण इस बस को मरम्मत के लिए डिपो भेज दिया गया। मौके पर मौजूद चालक-परिचालक ने बताया कि इस बस का संचालन स्कूटर इंडिया से शहीद पथ होते हुए कमता तक किया जाता है।

आज दोपहर तकरीबन 2 बजे यूपी 32 सीजेड 7119 नंबर की बस स्कूटर इंडिया से कमता के लिए रवाना हुई। बस में मौजूद परिचालक शिवम दुबे रास्ते में यात्रियों को उतारने और चढ़ाने का काम कर रहे थे। ट्रांसपोर्ट नगर में कुछ यात्रियों को नीचे उतरना था, इसके लिए परिचालक शिवम भी नीचे उतर गए। यात्रियों के उतर जाने के बाद बस में अभी 12 यात्री और थे। बस को आगे बढ़ाने के लिए कह कर परिचालक भी बस पर चढ़ने ही जा रहा था कि उसकी नजर बस के आगे पहिये पर पड़ी। बाई तरफ का पहिया तिरछा दिख रहा था। इसकी जानकारी उसने चालक देवेंद्र कुमार भी दी। दोनों ने देखा की बस की बेयरिंग टूट चुकी है। इसे बाहर लगा सेफ्टी कैप भी टूट चुका है। यह देख कर दोनों के होश फाख्ता हो गए। दोनों ने सबसे पहले बस में मौजूद यात्रियों को नीचे उतारा। यात्रियों ने भी जब नीचे उतर कर बस का पहिया देखा तो वे भी डर गए। ये यात्री बस का टिकट ले चुके थे। ऐसे में इन यात्रियों को पीछे से आ रही दूसरी बस से आगे सफर पर रवाना किया गया।

बस खराब होने की जानकारी आफीशियल ग्रुप में डाली गई, साथ ही अधिकारियों को सूचित भी किया गया। यदि परिचालक ने समय रहते इस पहिये को देख नहीं लिया होता और बस चल पड़ती तो बड़ी दुर्घटना की संभावना थी। आरएम सिटी बस आरके त्रिपाठी के अनुसार इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। एआरएम सिटी बस रत्नेश उपाध्याय ने इस तरह की किसी घटना से इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि बस नादरगंज के पास सीएनजी लेने गई थी, उसी दौरान हादसा हुआ।



सिटी बस के अगले पहिये टूटी बेयरिंग। अमृत विचार

- यात्रियों को दूसरी बस से किया गया रवाना

